प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 26.06.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर उपराष्ट्रपति ने नशा मुक्त भारत के संकल्प को दोहराया, गृह मंत्री अमित भााह ने कहा भारत ने ड्रग्स के खिलाफ लड़ी सबसे मजबूत लड़ाई।**
2. **राजधानी रांची समेत राज्यभर में 28 जून से भाुरू होगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान।**
3. **केंद्र सरकार ने पासपोर्ट आवेदन शुल्क में की बढ़ोत्तरी, एक जुलाई से नई दरें होंगी लागू।**
4. **मुहर्रम जुलूस को लेकर रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में किया गया बदलाव, 27 जून को कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के परिचालन पर रहेगी रोक।**
5. **रामगढ़ में भीषण सड़क हादसा, बैंड–ताशा पार्टी के सात सदस्यों की मौत,आक्रोशित लोगों ने एनएच 23 किया जाम।**

****

अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन सहित कई नेताओं ने नशा मुक्त भारत का संदेश दिया। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ और उद्देश्यपूर्ण जीवन अपनाने का आह्वान किया। वहीं अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में जुटे सभी लोगों के प्रयासों की सराहना की है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भारत ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग की वैश्विक चुनौती के विरुद्ध मजबूत लड़ाई लड़ी है। सरकार की कार्रवाई से नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले कई गिरोहों का सफाया किया गया है।

****

अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर जामताड़ा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से नशामुक्त समाज के संदेश के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। प्राधिकार के सचिव पवन कुमार ने बताया कि नेतृत्व में रैली व्यवहार न्यायालय परिसर से शुरू होकर सुभाष चौक तक गई और वापस न्यायालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई।

****

रांची जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 से 30 जून तक विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान जन्म से पांच वर्ष तक के लगभग 5 लाख 5 हजार 524 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन 28 जून को जिले के 3 हजार 893 पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों को खुराक देंगी।

****

सरकार ने पासपोर्ट आवेदन शुल्क में वृद्धि की है। 36 पृष्ठों वाले नए पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने के लिए अब ढाई हज़ार रुपये शुल्क देना होगा। विदेश मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार पासपोर्ट संशोधन नियम पहली जुलाई से प्रभावी होंगे। एक रिपोर्ट–

****

जमशेदपुर के मानगो नगर निगम क्षेत्र में फायर सेफ्टी जांच अभियान के दौरान 17 संस्थानों के निरीक्षण में 14 संस्थान सुरक्षा मानकों पर फेल पाए गए। अपर नगर आयुक्त जितेंद्र यादव ने संचालकों को तत्काल फायर सेफ्टी उपकरण अपडेट करने का निर्देश दिया गया है। निगम ने अभिभावकों से भी नियमों की अनदेखी की सूचना देने की अपील की है।

****

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह आज देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने विधि–विधान से बाबा बैद्यनाथ की पूजा–अर्चना की। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में दर्शन किए और देश तथा समाज की

सुख–समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। केंद्रीय मंत्री के साथ पार्टी के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को नमन करते हुए कहा है कि उनका बलिदान आज भी करोड़ों लोगों को सत्य, न्याय और इंसानियत की राह पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि इमाम हुसैन की शहादत साहस, दृढ़ संकल्प और अटूट विश्वास का प्रतीक है।

****

मुहर्रम के अवसर पर कल निकलने वाले जुलूस को देखते हुए रांची शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। सुबह 10 बजे से जुलूस समाप्त होने तक अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, सरजना चौक, मेन रोड और राजेंद्र चौक सहित कई प्रमुख मार्गों पर सामान्य और यात्री वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और आवश्यक होने पर ही इन क्षेत्रों की ओर जाने की अपील की है, ताकि मुहर्रम जुलूस शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके।

****

रांची नगर निगम चुनाव के तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी महापौर, उपमहापौर और पार्षदों का मानदेय तय नहीं हो सका है। रांची की मेयर रोशनी खलखो ने कहा है कि फंड और मानदेय नहीं मिलने से नगर निगम के नियमित कार्यों और विकास योजनाओं के संचालन पर असर पड़ रहा है।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 33 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 30 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

रामगढ़–बोकारो मुख्य मार्ग पर बारलोंग के पास हुए भीषण सड़क हादसे में बैंड–ताशा पार्टी के सात सदस्यों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक ने ओवरटेक करने के दौरान सवारी वाहन को टक्कर मार दी। हादसे के बाद सभी घायलों को रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां सात लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच–23 जाम कर सड़क सुरक्षा की मांग की।

****

रांची के जेएससीए स्टेडियम में हुई भगदड़ की घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने जेएससीए प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि इस मामले में जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर उन्हें पद से हटाया जाना चाहिए।

झारखंड टी–20 क्रिकेट लीग फाइनल के दौरान रांची स्टेडियम में हुई भगदड़ में कई लोग घायल हो गए, जिसके बाद एसएसपी राकेश रंजन के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर 15 दिनों में जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

****